241

भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण /FISHERY SURVEY OF INDIA
न्यू फिशिंग हार्बर, ससुन गोदी, कुलाबा/NEW FISHING HARBOUR, SASSOON DOCK, COLABA
मुम्बई /MUMBAI-400 005

F.N./पत्र सं.:- 22-2/2013 हिन्दी

Date/ दिनांकः 09 .06.2017

सेवा में,

निदेशक (राजभाषा)
भारत सरकार,
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय,
पशुपालन, डेयरी एवं मात्स्यिकी विभाग,
कृषि भवन, कमरा नं- 557, नई दिल्ली-110 001.

विषयः राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 25.05.2017 को भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण के मुख्यालय में हुई तिमाही समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त ।

महोदय,

मैं, इस कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 25.05.2017 को हुई तिमाही समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त सूचनार्थ भेज रहा हूँ ।

भवदीय

श्रीमती 9/6/17

(एम.के.श्रीमती)
वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी

प्रतिलिपिः

उप महानिदेशक, राजभाषा कार्यान्वयन कार्यालय, केन्दीय सदन, छठी मंजिल, सी-विंग 601, सेक्टर 10, सी.बी.डी. बेलापूर, नवी मुम्बई ।

09/6/2017

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण के मुख्यालय में 25.05.2017 को संपन्न तिमाही समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त.

निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री एम. के. फरेजिया, महानिदेशक (प्रभारी) | - | अध्यक्ष |
| 2. | श्री रमनमूर्ति, तंत्र विश्लेषक | - | सदस्य |
| 3. | श्री पी. चलपति राव, सांख्यिकीविद् | - | सदस्य |
| 4. | डॉ अंशुमान दास, मात्स्यिकी वैज्ञानक | - | सदस्य |
| 5. | श्री बापू एम राऊत, प्रोग्रामर एवं डीडीओ | - | सदस्य |
| 6. | श्री ए बी के जोगी राजू, कार्यालय अधीक्षक | - | सदस्य |
| 7. | श्री गोपाल वा. थुले, कार्यालय अधीक्षक | - | सदस्य |
| 8. | श्रीमती मीरा वेल्लेन राजीव, क. अनुवादक | - | सदस्य/संयोजक |

श्री महेश कुमार फरेजिया, महानिदेशक (प्रभारी) एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष की अध्यक्षता में तिमाही बैठक दोपहर 3.30 बजे शुरु हुई । अध्यक्ष महोदय ने बैंठक में उपस्थित सभी सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया । अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक तिमाही समाप्ति होने के बाद उसके अगले माह के 20 दिनों के अंदर आयोजित करने का सुझाव दिया है । अतः अगली बैठक तिमाही की समाप्ति के बाद आगामी माह के 20 दिनों के भीतर आयोजित की जाएगी । इसलिए सभी अनुभागों से तिमाही प्रगति रिपोर्ट दस दिन के भीतर हिन्दी अनुभाग को प्राप्त हो जानी चाहिए । बैठक में 31.03.2017 को समाप्त तिमाही की तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा निम्नानुसार की गई ।

## दिनांक को 31.03.2017 को समाप्त तिमाही की तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा

दिनांक 31.03.2017 को समाप्त तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करने पर यह पाया गया कि धारा 3 (3) के अंतर्गत सभी कागज़ात व्दिभाषी में जारी किए गए । हिन्दी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिन्दी में ही दिए गए । हिन्दी पत्राचार का प्रतिशत पिछले प्रतिशत की तुलना में 'क' क्षेत्र में 2% बढा है । 'ख' क्षेत्र में 1%बढा है । 'ग' क्षेत्र में 6% कम हुआ है, लेकिन 'ग' क्षेत्र के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर चुका है ।

सभी अनुभागों की समीक्षा क्षेत्रवार करने पर 'क' क्षेत्र में सब से कम प्रतिशत मात्स्यिकी अनुभाग का 17% है और योजना एवं विकास अनुभाग का 23% है । ख क्षेत्र में सब से कम प्रतिशत योजना एवं विकास अनुभाग का 15%है और मात्स्यिकी अनुभाग का 23% है । 'ग' क्षेत्र में सब से कम प्रतिशत सांख्यिकी अनुभाग का 0% है और योजना एवं विकास अनुभाग का 16% और मात्स्यिकी अनुभाग का 19% है । उपर्युक्त अनुभागों को हिन्दी पत्राचार बढाने में अधिक प्रयास किया जाना चाहिए । टिप्पणी लेखन में हमारा प्रतिशत 51% है जो कि पिछले प्रतिशत की तुलना में 02% बढा है । अनुभागवार टिप्पणी लेखन की समीक्षा करने पर टिप्पणी लेखन में सब से कम प्रतिशत स्था-।। का 28% , कम्प्यूटर अनुभाग का 38% और स्थापना-।।। का 39% है ।

अध्यक्ष महोदय ने जिस अनुभाग में हिन्दी पत्राचार एवं हिन्दी टिप्पणी का प्रतिशत बहुत कम है, उनको हिन्दी पत्राचार एवं हिन्दी टिप्पणी बढाने में एक कार्यालय टिप्पणी जारी करने को कहा ।

## पिछली बैठक के कार्यवृत्त पर की गई कार्रवाई ।

1. **डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड को अद्यतन करने हेतु कार्रवाई की जाए ।**
   अध्यक्ष महोदय ने स्थानीय पार्टी से नया रोलिंग डिस्प्ले बोर्ड खरीदने पर विचार करने को कहा गया था । कार्रवाई लंबित है ।

   **(कार्रवाईः हिन्दी कक्ष)**

2. **वेबसाइट हिन्दी में भी अपडेट किया जाए ।**
   हिन्दी में अद्यतन किया जा रहा है । अध्यक्ष महोदय ने कहा कि इसका पूर्ण अनुपालन किया जाए ।

   **(कार्रवाईः कम्प्यूटर अनुभाग)**

3. **मत्स्य किरण अंक-7 के प्रकाशनार्थ सामग्री मंगाई जाए ।**
   इस संबंध में एक परिपत्र जारी किया गया है । सामग्री अभी तक प्राप्त नहीं हुई । अध्यक्ष महोदय ने इस संबंध में और एक अनुस्मारक पत्र जारी करने को कहा । उन्होंने मत्स्य किरण-7 में प्रकाशनार्थ हिन्दी अनुभाग से स्वच्छता पखवाडा से संबंधित रिपोर्ट फोटो के साथ देने, सांख्यिकी अनुभाग से मछुआरों के सामाजिक पहलुएं, योजना एवं विकास अनुभाग से शुष्क गोदीकरण मरम्मतों की प्रक्रियाओं और चरण, और कम्प्यूटर अनुभाग से दैनंदिन सरकारी कार्य कम्प्यूटर मे आसानी से कैसे किए जाए, इत्यादि विषयों पर लेख लिखने का भी सुझाव दिया ।

4. **कार्यालय के सभी नामपट्ट, सूचना पट्ट आदि व्दिभाषी बनाया जाए ।**
   कार्रवाई जारी है । अध्यक्ष महोदय ने इस पर तुरंत कार्रवाई करने को कहा ।

   **(कार्रवाईः जी. सी. अनुभाग)**

## राजभाषा के प्रभावपूर्ण कार्यान्वयन के लिए सुझाव

1. अध्यक्ष महोदय ने कहा कि हिन्दी पुस्तकालय के लिए ई-बुक अर्थात किंडिल ख़रीदने पर विचार किया जाए ।

   **(कार्रवाईः हिन्दी कक्ष)**

श्रीमती मीरा वेल्लेन राजीव, क. अनुवादक के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक सांय 5.00 बजे संपन्न हुई ।

## दिनांक 25.05.2017 की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में उपस्थित अध्यक्ष एवं सदस्यों की सूची

*******

| क्र. सं. | नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 1. | श्री एम. के. फरेजिया, महानिदेशक (प्रभारी) | |
| 2. | श्री रमनमूर्ति, तंत्र विश्लेषक | |
| 3. | डॉ. एम विनोदकुमार, व. मात्स्यिकी वैज्ञानिक | ............. |
| 4. | श्री पी. चलपति राव, सांख्यिकीविद् | |
| 5. | डॉ. अंशुमान दास, मात्स्यिकी वैज्ञानिक | |
| 6. | श्री बापू एम राऊत, प्रोग्रामर एवं डी.डी.ओ | |
| 7. | श्री ए वी के जोगी राजू, कार्यालय अधीक्षक | |
| 8. | श्री गोपाल वा. थुले, कार्यालय अधीक्षक | |
| 9. | श्रीमती मीरा वेल्लेन राजीव, क. हिन्दी अनुवादक | |